हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42 .4 डिग्री
न्यूनतम 19 .6 डिग्री

11 पांच कुंडों पर करवाई गई यज्ञ की पूर्णाहुति...



12 स्वस्थ समाज के निर्माण के लिये समस्याओं का निदान आवश्यक : कमल दिवान



## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

**खरखौदा।** खरखौदा के रहने वाले वार्ड 3 निवासी नरेश ने खरखौदा पुलिस को शिकायत दी है कि उसके चाचा दरिया 13 अप्रैल को खांडा मोड बाईपास की तरफ गये हुए थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उनके चाचा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसे खरखौदा के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां से उन्हें पीजीआई रोहतक रैफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है।

### दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दुकान के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी दीपक लूथरा ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान पर गया था। दुकान को गली में दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। करीब एक बजे जब वह खाना-खाने के लिए जा रहा था। जब वह बाइक लेने के लिए पहुंचा। उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### गली में खड़ी ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में गली के बाहर चार्ज के लिए खड़ी की ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरी निवासी रामवीर ने बताया कि गत 16 अप्रैल को उसने अपनी ई-रिक्शा को घर के बाहर चार्ज लगाने के लिए गली में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो रिक्शा गायब मिली। अपने स्तर पर ई-रिक्शा की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी संजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### दादा आम आले पर हवन व संकीर्तन 24 को

**सोनीपत।** दादा आम आले पर 24 अप्रैल को वीरवार के दिन सुबह हवन, संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भोले बाबा आश्रम प्रमुख सुनील बैरागी ने बताया कि कार्यक्रम में दादा मोहनदास धाम के महंत योगी बाबा विजयनाथ, देवीनाथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं मीना बैयांपुर, पूनम हुड्डा, जगमति, रीतू, बबीता आदि श्रद्धालु भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत भंडारा भी लगाया जाएगा।

### महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह 23 को

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना का दीक्षांत समारोह 23 अप्रैल को आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश होंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ प्रातः 9 बजे होगा। समारोह में लगभग 3 सौ 50 छात्राओं को डिग्रियां वितरित की जाएंगी।

# रहें सतर्क: अब बढ़ेगी गर्मी, चार-पांच दिनों में 42 डिग्री होगा तापमान

- कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर हुआ समाप्त, रविवार को भी 37 डिग्री पर था अधिकतम तापमान
- सप्ताह के अंत तक 42 डिग्री तक पहुंचनें की संभावला, सामना करना पड़ेगा लू का
- मौसम विशेषज्ञों ने दी चेतावनी सावधानी बरतें लोग, सामान्य से अधिक बना हुआ है तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

आने वाले दिनों में गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा सकती है। सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक चल रहे तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो सप्ताह के अंत तक जिले में तापमान 42 डिग्री को पार कर जाएगा। ऐसे में आम लोगों को भारी गर्मी और लू के थपेड़े सहने पड़ेंगे। बताया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सक्रिय हुए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर अब समाप्त हो चुका है, जिसका असर अब तापमान पर दिखाई देगा। इसी वजह से अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी, जिससे गर्मी का सितम बढ़ने लगेगा।

बता दें कि अप्रैल माह में अब तक दो बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ, जिससे क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चलीं। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब इस सप्ताह में गर्मी ज्यादा पड़ने का अनुमान है।

दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहेगा और गर्म हवाएं घर से बाहर निकलने वालों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। रविवार को ही अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार सप्ताह के अंत तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। लोगों को अब लू का सामना करना पड़ सकता है।

### चिकित्सकों का कहना बचाव है जरूरी

*लू और गर्मी के बढ़ते सितम को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों को अपना बचाव करना चाहिये। जरूरी काम ना हो तो घर से बाहर नहीं निकलना। डॉ. शैलेंद्र राणा ने बताया कि घर से बाहर निकलें तो सिर जरूर ढंक लें। इसके अलावा आंखों की देखभाल जरूरी है। रोजाना खानपान का विशेष ध्यान रखें। अधिक गर्मी और लू की वजह से तबीयत बिगड़ने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।*

### 10 दिन पहले लू के आसार

आमतौर पर जिले में लू मई माह के पहले सप्ताह में चलती है, लेकिन इस बार करीब 10 दिन पहले ही लू चलने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही राजस्थान की ओर से गर्म हवा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी हैं। इससे तापमान में वृद्धि शुरू होगी। सुबह 10 बजे के बाद से ही गर्म हवा महसूस होने लगेंगी और दोपहर तक यह लू का रूप ले सकती हैं। मौसम विशेषज्ञ ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उनके अनुसार इस बार अप्रैल में तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक बना हुआ है।

### तापमान में तेजी से वृद्धि होने का अनुमान

*दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था, जिसके प्रभाव से शुक्रवार को बूंदाबांदी और तेज हवा चली थीं। अब उसका असर समाप्त हो गया है और तापमान में तेजी से वृद्धि होने का अनुमान है। सप्ताह के अंत तक तापमान 40 डिग्री को पार कर सकता है, इसके अलावा लू का भी सामना करना पड़ सकता है।*

*-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी केवीके सोनीपत*

### गेहूं की कटाई का काम पहुंचा अंतिम चरण में

अप्रैल माह में दो बार हुई बूंदाबांदी ने गेहूं की कटाई में जुटे किसानों की परेशानी बढ़ा दी थी। मंडियों में भी गेहूं भीगने के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। अब मौसम पूरी तरह शुष्क रहने की संभावना है, जिससे कटाई का कार्य बाधित नहीं होगा। विशेषज्ञ के अनुसार आने वाले एक सप्ताह के भीतर गेहूं की कटाई का कार्य पूरा हो जाएगा। जिले में करीब 1.45 लाखर हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की गई थी।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में हुई घटना, दमकल विभाग की टीम ने पाया आग पर काबू

# एचपीसीएल की गैस आपूर्ति पाइपलाइन में लगी आग, आधे घंटे तक उठती रही आग की लपटे

- एचपीसीएल की बिना ढके खुली पड़ी पाइपलाइन में हुआ छेद, लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस एक की 201 नंबर कंपनी के समीप एचपीसीएल की गैस पाइपलाइन में छेद होकर आग लगने से रविवार की दोपहर बाद एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गैस पाइपलाइन में लीकेज से अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटों ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। वही आग लगने का कारण कंपनी के अधिकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद थी जब बिजली आपूर्ति चालू हुई तो अचानक बिजली के पोल से कोई चिंगारी चेंबर के अंदर पड़ी और उसने पाइप लाइन में छेद कर दिया, छेद होने के बाद आग लग गई। आग लगने के बाद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलने के तुरंत बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र दमकल विभाग की टीम व एचपीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत प्रभाव से एचपीसीएल की आग लगने वाली गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस आपूर्ति को बंद किया। दमकल विभाग की टीम आग बुझाने में लगी लेकिन तब तक आग बंद नहीं हुई, जब तक गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस पूरी तरह से खाली नहीं हुई। उसके बाद आग पर दमकल विभाग कर्मियों ने काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। गैस आपूर्ति पाइपलाइन को एचपीसीएल के अधिकारी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने रिपेयर कर ठीक कर दिया। तेजपाल ने बताया कि इस गैस आपूर्ति पाइपलाइन से किसी भी फैक्ट्री में सप्लाई न होने के कारण गैस आपूर्ति लाइन को चालू नहीं किया है उसे रिपेयर करके छोड़ दिया है।





**गन्नौर।** गैस पाइपलाइन से उठती आग की लपटे, दमकल विभाग के कर्मचारी आग बुझाते हुए साथ में खड़े एचपीसीएल के अधिकारी, आग बुझाने के बाद दिखाई देती खुली पड़ी गैस आपूर्ति पाइपलाइन। फोटो: हरिभूमि

### खुली पड़ी गैस आपूर्ति पाइपलाइन में किसकी लापरवाही

एचपीसीएल की गैस आपूर्ति लाइन में आग बुझाने के बाद देखा गया कि गैस आपूर्ति पाइपलाइन में बहुत बड़ा छेद हुआ है और उसे ज्यादा मात्रा में गैस निकालने के कारण आग की लपटे काफी ऊंची उठ रही थी। गैस आपूर्ति पाइपलाइन पर पानी की पाइपलाइन गुजरने के लिए चैंबर बनाया गया था। चेंबर के अंदर से गैस आपूर्ति पाइपलाइन बिना ढके होने के कारण ऊपर ही दिखाई दे रही थी। उसे शायद किसी ने पत्थर मारकर तोड़ दिया हो या कहीं ना कहीं आग लगने के कारण पाइप में बड़ा छेद हुआ है। उनका कहना है की गैस आपूर्ति पाइपलाइन को खुला छोड़ने में किस विभाग ने लापरवाही की है क्या प्रशासन करेगा कार्रवाई।

### एचपीसीएल के इमरजेंसी कंट्रोल रूम से मिली थी सूचना : तेजपाल सिंह

बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र में एचपीसीएल गैस आपूर्ति पाइपलाइन के लिए तैनात अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि रविवार को दोपहर बाद गैस आपूर्ति पाइपलाइन में एचपीसीएल की इमरजेंसी कंट्रोल रूम से उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आग लगने वाली गैस आपूर्ति पाइपलाइन को वॉल की मदद से बंद कर दिया था। आज की लपटे तब तक चली जब तक गैस आपूर्ति पाइपलाइन से गैस पूरी तरह से खाली नहीं हुई। पानी की पाइपलाइन के चेंबर बनाने में कहीं ना कहीं लापरवाही हुई है। वे इसकी जांच कर रहे हैं।



**गन्नौर।** गेहूं की फसल के अवशेषों में लगी आग। फोटो: हरिभूमि

### गन्नौर के कई गांवों में खेतों में आग 15 एकड़ फसल व अवशेष जलकर राख

**गन्नौर।** शनिवार देर रात गन्नौर क्षेत्र के कई गांवों में खेतों में आग लग गई, जिससे करीब 15 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। गांव पबनेरा में किसान राजू के तीन एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। जानकारी के अनुसार, खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली और देखते ही देखते फसल में आग लग गई। इस घटना से किसान राजू को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके अलावा चिरस्मी, पुरखास और गन्नौर गांव में भी करीब 12 एकड़ फसल अवशेष आग की चपेट में आ गई। सभी मामलों में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही बताया जा रहा है। पीड़ति किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

### झगड़े की रंजिश में पिता-पुत्र को डंडों से पीटा

*गोहाना। गांव बिचपड़ी में झगड़े की रंजिश में पिता व पुत्र को डंडों से पीटा गया। शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपित धमकी देकर चले गए। दोनों को नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।गांव बिचपडी के देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है। कई माह पहले गांव के नरेंद्र ने उससे झगड़ा किया था। बाद में पंचायती तौर पर समझौता हो गया था लेकिन नरेंद्र रंजिश रखे हुए है। वह दुकान से सामान लेकर वापस आ रहा था। रास्ते में नरेंद्र ने उसे रोक लिया और डंडे से पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर उसके स्वजन भी पहुंच गए। उसी समय प्रदीप, फूल सिंह और अन्य व्यक्ति भी पहुंचे। आरोपितों ने उससे और उसके पिता संतलाल को डंडों से पीटा। वह और उसकी मां शोर मचाने लगे तो गांव के लोग पहुंच गए। इसके बार आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। देवेंद्र व उसके पिता को अस्पताल ले जाया गया।*

## पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हुए आरोपित का नहीं लगा सुराग, पांच टीमों का गठन

- कुंडली क्राइम यूनिट ने दो मादक पदार्थ तस्करों को किया था गिरफ्तार
- अदालत में पेश करने से पहले मेडिकल जांच करवाने पहुंची थी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र स्थित नागरिक अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए लाए मादक पदार्थ तस्कर के फरार होने के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश के लिए पांच टीमों का गठन किया है। साथ ही पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी को लेकर जांच की जा रही है। मामले की जांच एसीपी राजपाल को सौंपी है।

### यह था मामला

क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि वेस्ट रामनगर का रहने वाला मोहित और खरखौदा का दीपक हेरोइन बेचते हैं। इस समय दोनों हेरोइन बेचने के लिए कालूपुर के पास मौजूद हैं। टीम ने मौके पर पहुंच कर निगरानी शुरू कर दी। टीम को देख कर वहां खड़े दो युवक दूसरी तरफ जाने लगे। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। उनसे पूछताछ की तो युवकों ने अपनी पहचान मोहित और दीपक के रूप में दी।

*अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के दौरान पुलिस को चकमा देकर मादक पदार्थ तस्कर फरार हो गया। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों व पुलिस कर्मी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश के लिए पांच टीमें कार्य कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।*

*-सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना*

## स्कूटी से गिरे दो युवकों व उन्हें उठाने गए मददगार को कैंटर ने कुचला, दो की मौत

- हादसे में स्कूटी से गिरे युवक व मदद के लिए आए कार सवार की मौत
- पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर देर रात कैंटर ने स्कूटी से गिरे दो युवकों व उन्हें उठाने आए कार सवार को कुचल दिया। हादसे में स्कूटी से गिरे युवक व कार रोककर उन्हें उठाने आए मददगार की मौत हो गई और तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई हैं। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में उपचार दिया जा रहा है। पुलिस ने कार चालक के साथी के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

रूप नगर दिल्ली निवासी शुभम ने बताया कि वह अपने दोस्त अमन गोयल (32) के साथ शनिवार देर रात मुरथल के ढाबा पर खाना खाने जा रहे थे। जब वह करीब 11 बजे प्याऊ मनियारी स्थित ड्रेन नंबर-8 पर पहुंचे तो सड़क पर स्कूटी व उसके साथ दो युवक पड़े दिखाए दिए। जिन्हें देखकर उनके दोस्त अमन गोयल ने अपनी कार को एक तरफ रोक दिया। अमन गोयल कार से उतरे और स्कूटी सवारों की मदद को चले गए। शुभम कार के पास खड़े रहे। जब अमन स्कूटी सवारों को उठाने लगे तो तेज रफ्तार कैंटर ने अमन गोयल व स्कूटी के पास गिरे दो अन्य युवकों को कुचल दिया। हादसे में अमन व एक अन्य युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी से गिरा तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में हादसे का शिकार हुए दूसरे युवक की पहचान यूपी के गोंडा निवासी मुकेश के रूप में हुई। उसे नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर किया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

*सड़क हादसे की सूचना मिली थी। शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिए है। मामले में शुभम के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।*

*-एसआई कृष्ण कुमार, जांच अधिकारी*



**सोनीपत।** विरोध-प्रदर्शन करते हुए पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, 2 अक्टूबर तक चलाएंगें जन जागरण

**सोनीपत।** राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पार्टी प्रवक्ता सुखमेंद्र सिंह खरब के नेतृत्व में पुरानी कचहरी स्थित पटेल पार्क से लघु सचिवालय तक प्रदर्शन कर एसडीएम सुभाष चन्द्र को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश धारीवाल ने कहा कि प्रदेश और देश में आरक्षण समर्थक प्रदेश और केंद्र सरकारों के चलते समस्याएं लगातार बढती जा रही हैं। चारों तरफ भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, बेइमानी और अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। जनता में आरक्षण समर्थक प्रदेश व केन्द्र सरकार की लचर और भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। जनता में शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार को लेकर समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी प्रवक्ता सुखमेंद्र सिंह खरब ने कहा कि यदि आरक्षण समर्थक जनविरोधी प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा हमारी पार्टी की मांगों पर शीघ्र अमल कार्यवाही नहीं की गई तो आगामी दिनों में प्रदेश व देश में जन जागरण करते हुए 2 अक्तूबर को दिल्ली में बड़ा आन्दोलन करेंगे। इस दौरान पार्टी नेता रणधीर सिंह पांचाल, सतीश धनखड़, हर्ष दांगी, राममेहर, नवीन, मुकेश व सोनू सहित दर्जन भर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुरथल स्थित जलघर का औचक निरीक्षण, सात में से दो ट्यूबवेल ही चलते मिले

# भड़के मेयर, सभी ट्यूबवेल चलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मुरथल स्थित जल घर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि सात में से दो ट्यूबवेल ही चल रहे हैं तो वह नगर निगम के अधिकारियों पर भड़क गए और माह के अंत तक सभी ट्यूबवेल चालू करने के निर्देश दिए। राजीव जैन पार्षद हरि सैनी के साथ पहुंचे तो पाया कि ट्यूबवेलो की हालत दयनीय है पैनल बॉक्स टूटे पड़े हैं, पैनल बॉक्स में न मीटर लगे हैं और फ्यूज की तारे भी गली पड़ी है। दो वर्षों से नया ट्रांसफार्मर रखा हुआ है पर उसके कनेक्शन आज तक नहीं जुड़े जिसके कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं इसी तरह दो 40 हॉर्स पावर मोटर के स्टार्टर नहीं थे।

दरअसल पुराने समय में पूरे शहर की पेयजल आपूर्ति मुरथल से हुआ करती थी अब मुरथल जीटी रोड के आसपास की कॉलोनियों और शहर के बूस्टिंग स्टेशनों पर पानी ट्यूबवेलों से जाता है। विशेषकर जब बरसात की दिनों में जाजल रेनीवेल में समस्या हो जाती हैं तो शहर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से मुरथल के डीप ट्यूबवेल पर निर्भर हो जाती है। राजीव जैन ने कहा की समस्या आने पर समाधान खोजने का कोई अर्थ नहीं है इसलिए सभी ट्यूबवेल शुरू होने चाहिए। राजीव जैन ने नगर निगम अधिकारियों को सारी व्यवस्थाएं ठीक करने तथा ट्यूबवेलों पर लाइट ना हो तो जनरेटर की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए।उन्होंने ट्यूबल चलाने की लाग बुक भी चेक की तो पाया कि वर्ष 2021 के बाद ट्यूबवेल चलाने का रिकॉर्ड भी नहीं रखा जा रहा था। उन्होंने रोजाना लॉग बुक भरने के भी निर्देश दिए ताकि पता चल सके की कितने घंटे ट्यूबवेल चले हैं।




**सोनीपत।** औचक निरीक्षण पर पहुंचें मेयर राजीव जैन साथ में अन्य। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### एनडीए में हुआ दीपक का चयन, बने लेफ्टिनेंट

**सोनीपत।** हैप्पी चाईल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महलाना रोड, के पूव छात्र दीपक का एनडीए में



लेफ्टिनेंट पद के लिए चयन हुआ है। दीपक ऑल इंडिया में 259 वें स्थान पर रहे। विद्यालय अध्यक्ष नरेंद्र बाल्याण ने दीपक की सफलता पर बधाई दी। दीपक ने शुरुआत से ही अपना लक्ष्य आर्मी में रहते हुए देश की सेवा में समर्पित रहना ही बना रखा था और उसने यह साबित कर दिया कि लक्ष्य हम ईमानदारी से चुनते हैं और उसके प्रति कर्तव्यनिष्ठ होते हैं तो 1 दिन लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### कैच कंपटीशन में अंकित ने प्राप्त किया पहला स्थान

**खरखौदा।** रविवार को बाबा हरिदास क्रिकेट अकैडमी खरखौदा में कैच कंपटीशन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा थे। कैच कंपटीशन में काफी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान अंकित गहलावत ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान कार्तिक यादव ने, तीसरा स्थान कुणाल दहिया ने प्राप्त किया। तीनों ही खिलाड़ियों को हीरालाल इंदौरा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। क्रिकेट कोच प्रवेश दहिया ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि जिस तरह से बाबा हरिदास क्रिकेट एकेडमी के कोच और बच्चे मेहनत कर रहे हैं।

### समाज कल्याण संगठन ने फुटपाथ पर 19 पौधे रोपे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को शहर में पौधारोपण अभियान चलाया। संगठन सदस्यों द्वारा सोनीपत रोड स्थित नई सब्जी से बाइपास तक फुटपाथ पर 19 पौधे रोपे। पहले रोपे गए पौधों की निराई करके सिंचाई की गई।

सोनीपत मार्ग पर नाला अवरुद्ध होने से जगह-जगह फुटपाथ पर दूषित पानी भरा हुआ है, जिससे पौधे खराब होने की संभावना है। चार पौधे सूखे भी मिले, जिनकी जगह नए पौधे लगाए गए। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। संगठन द्वारा जामुन, नमी, पिलखन व पापड़ी के पौधे लगाए गए। पौधों को पशुओं से सुरक्षित रखने के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए। संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने कहा कि सोनीपत रोड पर नाला अवरुद्ध होने से दूषित पानी भरा हुआ है।

### शिविर में 66 ने रक्तदान व 50 ने कराई नेत्र जांच

**खरखौदा।** वाल्मीकि सेवा दल, खरखौदा के बैनर तले बिजेन्द्र जांगड़ा और दिनेश सूद के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक भाई पवन खरखौदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में पौधारोपण का भी आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रक्तदान शिविर में कुल 66 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जबकि नेत्र जांच शिविर में करीब 50 लोगों ने जांच का लाभ प्राप्त किया। इस दौरान शहर की कई प्रमुख संस्थाएं ठाकुर जी की रसोई, गरीब कल्याण संस्था पिपली, एक ही लक्ष्य-केवल सेवा तथा साईं इंस्टिट्यूट शामिल रहीं।

## डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन

# न्याय के लिए लड़ना एवं इंसाफ प्राप्त करना जन्मसिद्ध अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश मीनाक्षी आई मेहता व उपस्थित गणमान्य व्यक्ति व रजिस्ट्रार डॉक्टर आशुतोष मिश्रा। फोटो :हरिभूमि

डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत में विधि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार की अध्यक्षता में विधिक प्रणाली के भारतीयकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें सैकडों वक्ता ऑफलाइन एवं ऑलनाइन सम्मेलन में उपस्थित हुए। विधिक प्रणाली के भारतीयकरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मीनाक्षी आई. मेहता के हाथों से दीप प्रज्वलन करते हुए प्रारम्भ किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में विधिक मामलों के जानकार जैसे कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधिक विभाग के अधिकारियों, आई.पी.एस. अधिकारियों, विधिक मामले के शिक्षकों इत्यादि गणमान्य लोगों द्वारा इस कार्याक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस सम्मेलन के द्वारा सभी के सहयोग से तैयार की गई विधिक प्रणाली का भारतीयकरण पुस्तक का विमोचन इस सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। कुलपति अशोक कुमार द्वारा आएं अथितियों एवं गणमान्य लोगों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। लेडी जस्टिस की प्रतिमा का लोकार्पण माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायधीश एन. कोटिश्वर सिंह के द्वारा किया गया। न्यायधीश एन. कोटिश्वर ने बताया की आज विश्वविद्यालय के प्रांगण में ऐसी महान विभूति की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ है, जिससे हम शुरु से न्याय की देवी का प्रतीक मानते आ रहे है, जिस तरह ईश्वर सभी को बिना भेदभाव किए एक समान रूप से देखते हैं, उसी तरह न्याय की देवी की प्रतिमा भी यही संदेश प्रदान करती है कि न्याय के लिए लड़ना एवं इंसाफ प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मशिद्ध अधिकार है। प्रतिमा के लोकार्पण उपरान्त राष्ट्रीय सम्मेलन को तीन अलग-अलग सत्रों में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने भारतीयकरण पर आधारित कानूनी प्रणाली पर राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर तीन तकनीकी सत्रों के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त पहले तकनीकी सत्र में रजिस्ट्रार डॉक्टर आशुतोष मिश्रा, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह, जवाहर लाल नेहरु के प्रोफेसर (डॉ.) राम नाथ झा, पंजाब विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (डॉ.) देविन्द्र सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर (डॉ.) किरण गुप्ता, स्कूल ऑफ लॉ, महेंद्रगढ़ के हेड एवं डीन डॉ. प्रदीप सिंह एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (डॉ.) एल. पुष्प कुमार वक्ता के रुप में उपस्थित हुएं।

### नए विधायी ढांचे को एक समिति की ओर से सावधानीपूर्वक तैयार किया : न्यायाधीश मीनाक्षी

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चण्डीगढ के न्यायाधीश मीनाक्षी आई मेहना ने कहां इस सम्मेलन का पहला सत्र भारतीय न्याय शास्त्र पर है जिसका मतलब भारतीय न्याय संहिता-2023 (बी.एन.एस.-2023) भारत के पुराने आपराधिक न्याय ढांचे में सुधार और आधुनिकीकरण के लिए शुरू की गई एक ऐतिहासिक पहल है। बी.एन.एस.-2023 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860 को बदलने का प्रस्ताव है, इसे औपनिवेशिक युग से उभरी समकालीन सामाजिक, तकनीकी और कानूनी चुनौतियों को संबोधित करने के लिए तैयार किया गया है। इस नए विधायी ढांचे को कानूनी विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं की एक समिति द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह भारतीय समाज की उभरती जरूरतों को पूरा करता है।

## संगत को अमृतमई बानी के कीर्तन श्रवण कराए

# धूमधाम से मनाया गुरु तेग बहादुर और गुरु अर्जन देव का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान कीर्तन करते हुए रागी जत्था।

गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राज मोहल्ला सोनीपत में रविवार को गुरु तेग बहादुर साहब एवं गुरु अर्जन देव का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत गुरुद्वारा साहब पहुंची। सुबह अखंड पाठ साहब की समाप्ति के उपरांत स्त्री सत्संग सभा द्वारा सुखमणि साहब के पाठ किए गए। गुरुद्वारा साहब के हजूरी जथा भाई बलजीत सिंह एवं साथियों द्वारा संगत को कीर्तन श्रवण कराया गया। उपरांत भाई गुरदयाल सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा बंगला साहब ने संगत को अमृतमई बानी के कीर्तन श्रवण कराए। गुरु अर्जन देव को लाहौर में गर्म तवे पर बिठाकर शहीद किया गया था एवं गुरु तेग बहादुर साहब को दिल्ली के चांदनी चौक में शीश काटकर शहीद किया गया था। संगतो ने दोनों के जीवन को सादर नमस्कार किया। क्योंकि दोनों ने मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए अपने प्राण निछावर किए थे। महासचिव परमजीत सिंह ने सांगत को गुरपर्व की बधाई दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह सोढ़ी, अमरीक सिंह मान, हरजीत सिंह, हरगोविंद सिंह व मनोज कालड़ा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया।

# गुरु शिव गोरखनाथ प्रकटोत्सव की तैयारियों को लेकर जोगी समाज की बैठक आयोजित : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



**गन्नौर।** भाजपा पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक का स्वागत करते जोगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष जोगी।

जोगी समाज हरियाणा एवं 36 बिरादरी अनुयायियों की एक बैठक रविवार को गढ़ी झंझारा रोड स्थित जोगी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में गुरु शिव गोरखनाथ के प्रकटोत्सव समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। यह समारोह 18 मई को गन्नौर की नई अनाज मंडी में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जोगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद जोगी ने की। कार्यक्रम में गन्नौर विस से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी सहित विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्ति एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि प्रकटोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने कहा कि यह समारोह समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाला होगा। सरकार व प्रशासन की ओर से आयोजन को पूर्ण सहयोग मिलेगा। देवेंद्र कौशिक ने समाज के युवाओं और अनुयायियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। बैठक में जोगी समाज के पदाधिकारियों को सम्मेलन का न्यौता देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर जोगी समाज के प्रदेश सलाहकार चरण सिंह जोगी, प्रदेशाध्यक्ष सोनू जोगी, महिला अध्यक्ष सीमा जोगी, राष्ट्रीय सचिव विक्रम जोगी, दूलींचद जोगी, गन्नौर महिला अध्यक्ष संतोष जागी, धर्मबीर जोगी, जगदेव, रामकुमार, जयभगवान, कैलाश जोगी, सुरेश जोगी सहित अन्य मौजूद रहे।

# तीन ग्राम पंचायतों को नपा में शामिल किए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

■ ग्राम सभा कर तीनों पंचायतों ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को सौंपे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

टेहा, बड़ी और रोशनपुर ग्राम पंचायतों को नगरपालिका में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। तीनों गांवों की ग्राम सभाओं में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वे नगरपालिका में शामिल नहीं होना चाहते। ग्राम पंचायतों ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को औपचारिक रूप से प्रस्ताव भेजकर नगरपालिका में विलय का विरोध जताया है। तीनों गांवो में ग्रामीणों ने बैठक में भाग लेकर अपने विचार रखे और प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी बात नहीं मानता, तो ग्रामीण कड़ा विरोध भी करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के माध्यम से उनके गांव में विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं। यदि तीनों गांव नगरपालिका में शामिल हुए तो उनके गांव विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ जाएंगे।

### सरपंच बोले ग्रामीणों का फैसला मान्य

*टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि ग्राम सभा में ग्रामीणों ने गांव को नगरपालिका में शामिल न किए जाने का फैसला लिया है। ग्राम पंचायत ग्रामीणों के फैसले को मानते हुए अपना प्रस्ताव अधिकारियों को सौंप दिया है। उन्हें पंचायती राज पर पूरा विश्वास है।*

*पंचायती राज के अंतर्गत उनके गांव में विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। वहीं बड़ी गांव के सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी ने कहा कि ग्रामीणों के फैसले के अनुसार ग्राम पंचायत ने अपना प्रस्ताव खंड विकास एवं पंचायत विभाग को सौंप दिया है। गांव में विकास कार्य की कोई कमी नहीं है इसलिए ग्रामीण नहीं चाहते कि बड़ी गांव नगरपालिका में शामिल किया जाए।*

## किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

# सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का एक-एक दाना खरीद रही: कृष्णा गहलावत

## राई विधायक ने मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



**राई।** हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अनाज मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साथ में अधिकारी गण व मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल।

राई हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने मेहंदीपुर से मुरथल रोड स्थित अनाज मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक के साथ मार्केट कमेटी सचिव के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कृष्णा गहलावत कहा कि राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का एक-एक दाना खरीद रही है। उन्होंने फसल की खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की और किसानों से सीधा संवाद किया। मंडी में किसानों से बातचीत करते हुए खरीद कामों को लेकर फीडबैक लिया और अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया को बिना किसी बाधा और पूरी पारदर्शिता के साथ खरीद करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे कुशलता और पारदर्शिता बनाए रखें। उठान का काम जारी जारी है, जिसे आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं खरीद के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों की गेहूं मंडी में आने के बाद तय समय पर सरकार द्वारा निर्धारित भाव पर खरीद हो जानी चाहिए। किसानों के खातों में गेहूं का भुगतान भी करना सुनिश्चित करें। अनाज मंडी से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए और ना ही फसल लेकर मंडी में आने वाला किसान परेशान होना चाहिए। उन्होंने खरीद एवं उठान संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया।



राई। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने सड़कमार्ग के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ करते हुए, साथ में मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल व अन्य।

### विधायक ने मुरथल से मीमारपुर रोड यमुना घाट सड़कमार्ग के नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

राई। राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने मुरथल से मीमारपुर रोड यमुना घाट सड़कमार्ग के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया, जिस पर लगभग पौने छह करोड़ रुपये की लागत आएगी। क्षेत्रवासियों की मांग पर उन्होंने मुरथल से मीमारपुर रोड यमुना घाट सड़कमार्ग के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण को तुरंत स्वीकार करते हुए पूरा करवाने की ओर सफल कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतरीन सड़क सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अच्छी परिवहन सुविधा मिलने पर विकास को गति मिलेगी, जिसका सीधा लाभ राईवासियों को मिलेगा। नई सड़कों की आवश्यकता को पूरी करवाने के साथ पुरानी सड़कों की मरम्मत के कार्य को भी करवाया जा रहा है। इस मौके पर जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, कुनाल, विरेंद्र, सूमो, नरेंद्र वर्मा खेवड़ा, विनोद, तपराज, मोहन त्यागी, अनिल, योगेश शर्मा, शेखर आंतिल, परविंद्र सरपंच, रमेश सरपंच, सत्येंद्र त्यागी, सुरेंद्र सरपंच, कृष्ण ताजपुर, साहदीन सरपंच, शीलू मेहंदीपुर, अमरजीत मेहंदीपुर आदि शामिल रहे।

# जेईई मेन में आरपीएस के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल से अधिक पाया स्कोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणामों में आरपीएस ग्रुप के 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस की हर्षि ने 99.985, परसेंटाईल, छवि यादव ने 99.92 परसेंटाईल, सुजल व पियूष व सुजल ने 99.86 परसेंटाइल प्राप्त कर अंकों की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ है, वहीं विषयवार परीक्षा परिणाम पर नजर डालें तो आरपीएस की हर्षि, ईशान, लक्षिता व अनुज ने फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर पूरे भारत में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की अमिट छाप छोड़ी। वहीं मैथ्स में ईशान ने 100 परसेंटाइल, छवि ने 99.99, हर्षि ने 99.98, तनिष्क व कार्तिक ने फिजिक्स में 99.96 पर्सेंटाइल प्राप्त की तो वहीं केमेस्ट्रि में हर्षि ने 99.98 पर्सेंटाइल प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की हर्षि ने 99.985 परसेंटाइल, छवि यादव ने 99.92, सुजल ने 99.86, पियुष ने 99.86, प्रणव कुमार ने 99.83, हर्षित राय ने 99.80, सिद्धार्थ आर्य ने 99.80, इसान अफरिया ने 99.79, चनदाशू ने 99.44, रितविक ने 99.44, रिदम ने 99.77, दिव्यांशी तेवतीया ने 99.77, गुणादित्य संधू ने 99.77, चितवन ने 99.75, प्रियांशु ने 99.75, कृष ने 99.74, अनुज ने 99.69, याशिका ने 99.60, ललित ने 99.58, सुमित पहल ने 99.55, कार्तिक ने 99.52, कृष ने 99.52, श्रुति ने 99.52, द्वितिया गर्ग ने 99.51, मान्यु यादव ने 99.51, वंश ने 99.46, शुभम ने 99.46, विवान राव ने 99.42, विनय ने 99.42, लक्षिका ने 99.38, श्रेयांश रावत ने 99.38, अन्नु शर्मा ने 99.37,अभिनव व अमितानश ने 99.37, दिव्यम ने 99.35, दिपांशु ने 99.34, सिद्धार्थ ने 99.34,कशिश ने 99.33, मानस झा ने 99.32, योगेश कुमार व अंकित गौतम ने 99.29, गुलशन कुमार ने 99.29, मानव चैधरी ने 99.29, निखिल ने 99.26, रिजुल ने 99.20, प्रियांशु ने 99.19, मोहित यादव ने 99.15, रेनित राव ने 99.14, प्रियांशु ने 99.14, गौरव सांगवान ने 99.03, हिमेश ने 99.01, हरमित खुराना ने 99, समर्थ ने 99 व रितू यादव ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।




### धन्ना भगत ने भगवान कृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया था : शेखर आंतिल

**राई।** भाजपा के जखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने रविवार को जींद में धन्ना भगत की जींद में होने वाले जयंती समारोह के लिए कार्यकर्ताओं को बस में रवाना किया। रवाना होने से पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि धन्ना भगत एक महान भक्त थे जिन्होंने भगवान कृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। वह एक गरीब किसान थे, लेकिन उनकी भक्ति और श्रद्धा ने उन्हें भगवान कृष्ण के बहुत करीब पहुंचा दिया। धन्ना भगत के जीवन से हमें कई सबक मिलते हैं। धन्ना भगत की कहानी हमें भक्ति और श्रद्धा के महत्व को समझने में मदद करती है। उन्होंने भगवान कृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया और उनकी कृपा से उन्हें कई आध्यात्मिक अनुभव हुए। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी झूठ नहीं बोला और हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चले। धन्ना भगत की भक्ति और श्रद्धा ने उन्हें भगवान कृष्ण के बहुत करीब पहुंचा दिया और उनकी कहानी हमें भक्ति और आध्यात्मिकता के महत्व को समझने में मदद करती है। इस मौके पर उनके साथ जगदीशपुर सरपंच जितेंद्र, पदम सिंह चौहान, राजेश सरपंच बहालगढ़, सुनील खेवडा, मनीष , अशोक आदि मौजूद थे।



राई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) द्वारा निर्मित रोबोट आईआरआईएस को लॉन्च करते मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्य। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा में नवाचार को मिलेगा बढ़ावा, शिक्षा जगत में नवीन क्रांति की ओर बढ़ाया कदम

राई। स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल छात्र हित में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) द्वारा निर्मित रोबोट आईआरआईएस को लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निफ्टम कुंडली में कार्यरत कृषि एवं पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रसन्ना कुमार ने शिरकत की। कुमार ने कहा कि स्कूली शिक्षा में यह प्रयोग अपने आप में अनूठा है। यह शिक्षा जगत में प्रथम पहल है। एक तरफ जहां यह रोबोट छात्रों के जटिलतम सवालों के जवाब देने में सक्षम है वहीं दूसरी ओर उनके नवीन ज्ञान एवं अनुसंधान में सहायक भी है। नवीन ज्ञान के परिमार्जन में एक सार्थक विकल्प साबित होगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी के अलावा प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह,मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक के अलावा सभी शिक्षक मौजूद थे।

## आर्य समाज ऋषि नगर बत्रा कालोनी में वार्षिकोत्सव और दिव्य आध्यात्मिक सत्संग

# पांच कुंडों पर करवाई यज्ञ की पूर्णाहुति, संपन्न वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया

आर्य समाज ऋषि नगर बत्रा कालोनी सोनीपत का वार्षिकोत्सव और दिव्य आध्यात्मिक सत्संग रविवार को संपन्न हुआ। संस्था प्रधान विनोद कुमार बत्रा की अध्यक्षता में आगरा से आमन्त्रित वेदनिष्ठ आचार्य हरि शंकर अग्निहोत्री के ब्रह्मत्व में कार्यक्रम हुआ। जिसका विधि विधान अनुसार पांच कुंडों पर यज्ञ की पूर्णाहुति कराई गई। यज्ञोपरान्त ब्रह्मा एवं मुख्य वैदिक प्रवक्ता ने वैदिक मन्त्र के उच्चारण के पश्चात बताया कि 12 अप्रैल 1824 को टंकारा गुजरात में कृष्ण जी



तिवारी और यशोदा बेन के परिवार में एक विलक्षण बुद्धि के बालक ने जन्म लिया जिसका नाम मूल शंकर रखा गया। बालक ने बहन और चाचा की मृत्यु का अनुभव किया और घर का परित्याग करके परमेश्वर की प्राप्ति की खोज करते हुए मथुरा में ब्रह्मर्षि प्रज्ञाचक्षु गुरु विरजानन्द स्वामी के सानिध्य में दीक्षित हुआ। गुरुजी की आज्ञानुसार जीवन समर्पित करके आजीवन प्राणिमात्र का कल्याण किया। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह बन्द करवाया और विधवा विवाह का प्रोत्साहन किया। परमेश्वर के शुद्ध ज्ञान का बोध लिया। राष्ट्र को स्वतन्त्रता करानें हेतु प्रयास किया। राष्ट्र भाषाओं हिन्दी और संस्कृत का प्रचार प्रसार किया।अमृतसर से आमन्त्रित भजनोपदेशक पंडित दिनेश आर्य पथिक द्वारा परमेश्वर भक्ति, पारिवारिक, सामाजिक, देशभक्ति और महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के गीतों से श्रद्धालुओं को गीतों और भजनों से भावविभोर किया। यज्ञ के संयोजक संस्था के पुरोहित आचार्य सत्य प्रकाश आर्य ने बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया तथा मंच का कुशल संचालन वैदिक प्रवक्ता हरि चन्द स्नेही द्वारा किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह में यज्ञ की पूर्णाहुति, आशीर्वाद और समापन के पश्चात मीठी खीर सहित भंडारे की व्यवस्था की गई।

### ये रहे मौजूद

समारोह में जवाहर लाल बत्रा, रमेश कुमार मानकटालिया, राजेन्द्र तनेजा, महात्मा वेदमुनि वानप्रस्थी, अर्जुन देव दुरेजा, सुनीता अरोड़ा, दीक्षा आचार्या, रविन्द्र कुकरेजा, द्रौपदी देवी सपरा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जाट धर्मशाला समिति के दोबारा प्रधान बने वीरेंद्र

**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर रोड स्थित जाट धर्मशाला की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें दोबारा से वीरेन्द्र राठी को प्रधान, उप प्रधान रामधारी खोखर, महासचिव इन्द्रजीत, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, सहसचिव सतबीर पहल को चुना गया। कार्यकारिणी के सदस्य रमेश अटायल, राम करण दहिया, मास्टर दयानन्द, रमेश नैन, जयवीर राठी, प्रेम छिक्कारा, रामकंवार कादियान, ओम प्रकाश, राजेन्द्र मलिक, धर्मपाल कटारिया, वीरेन्द्र भक्कर को बनाया गया। प्रधान वीरेंद्र राठी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्य निरन्तर प्रक्रिया में चलते रहेंगे। राष्ट्रीय महोत्सव एवं आदर्श जन नेताओं को जयन्ती पर धूमधाम से याद किए जाएंगे और कार्यक्रम का आयोजन होगा । उन्होंने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### सेफ इंडिया फाउंडेशन करेगी सम्मान

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन श्रमिक दिवस पर रविवार 4 मई को सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल (S7) मुरथल रोड सोनीपत पर 51 श्रमिकों को सम्मानित करेगी। वे श्रमिक जो सीवर सफाई, फायर कर्मचारी या एंबुलेंस ड्राइवर आदि का काम करते हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। संस्था के चेयरमेन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को ही सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम संयोजक प्रवीण वर्मा व एडवोकेट अरविंद मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का यह सम्मान देने से अन्य कर्मचारियों में भी काम के प्रति लग्न पैदा होगी।

### ससुराल पहुंचकर दामाद व उसके दोस्त पर हमला

**गोहाना।** गांव राणा खेड़ी में बेटी की ससुराल पहुंचकर दामाद व उसके दोस्त पर हमला कर दिया। पति और पत्नी में घरेलू कार्य को लेकर कहासुनी हो गई थी। पत्नी ने मायके से अपने स्वजन को बुलाया। घायलों को नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गांव राणा खेड़ी के मोहित ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी जींद के एक गांव की महिला से एक साल पहले हुई थी। शनिवार को उसकी पत्नी से घरेलू कार्य को लेकर कहासुनी हो गई। पत्नी ने मायके फोन करके अपने पिता, माता व भाई को बुला लिया।

## चिकित्सकों पर लोगों का भरोसा, इसे बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी

# भारतीय चिकित्सा सुविधाओं को संयुक्त राष्ट्र ने सराहा : डॉ. शर्मा

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व इंडियन डेंटल एसोसिएशन का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए सुधार की सराहना संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी हुई है।

बीते एक दशक में हुए स्वास्थ्य बदलाव और करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य संरक्षण के बड़े दायरे की बदौलत निरन्तर तीसरी बार देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। मरीज चिकित्सक पर भगवान की भांति भरोसा करते हैं, इसे बरकरार रखना हमारा दायित्व है।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने एक निजी रेस्टारेंट में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व इंडियन डेंटल एसोसिएशन की गोहाना इकाई द्वारा संयुक्त तौर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। आपकी ही बिरादरी का सदस्य होने के नाते मैं भी इस पूरी प्रक्रिया, आप सभी के मरीज के प्रति जिम्मेदारी को समझता हूं।

जब भी कोई मरीज अस्पताल पहुंचता है तो उसे पूरा भरोसा होता है कि वो अपने भगवान चिकित्सक के हाथों में सुरक्षित है और जल्द ही स्वस्थ होकर अपने परिवार के पास लौटेगा। ऐसे में बिना रूके, बिना थके, चिकित्सक अपने मरीज के प्रति जिस जिम्मेदारी को निभाते हैं, उसके लिए वो हमेशा आदरणीय, सम्मानीय हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसेवा का दायित्व संभाला है, तभी से हर क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार लालकिला की प्राचीर से कहा था कि देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। कोई भी देशवासी जीवन जीने की गरिमा से वंचित न हो।


**गोहाना।** मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए एसोसिएशन के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गोहाना अध्यक्ष डॉ. बीके गुप्ता, इंडियन डेंटल एसोसिएशन गोहाना अध्यक्ष डॉ. राकेश रोहिल्ला, डॉ. मदन गोपाल वशिष्ठ, डॉ. सेवाराम गोयल, डॉ. गजराज कौशिक, डॉ. संजय छिक्कारा, डॉ. रघुबीर शर्मा, डॉ. वरुण गुप्ता, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. अजय छिक्कारा और डॉ. आलोक चौधरी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

- लोगों ने अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

खेड़ी गुज्जर गांव में डा. भीम राव अंबेडकर मूल निवासी समिति द्वारा रविवार को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका यहां लोगों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक कादियान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोगों ने अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान समिति ने गन्नौर ब्लाक की करीब 11 समिति पदाधिकारियों को सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का काम किया। उनका किया गया कार्य आज भी सभी के लिए एक उदाहरण है। आज शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता। जरूरी है कि सभी अपने बेटे व बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, शिक्षित व्यक्ति की समाज को अच्छी दिशा प्रदान कर सकता है।



**गन्नौर।** मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को बाबा साहेब की तस्वीर भेंट करते समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### शिविर में 96 यूनिट रक्त एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बाबा श्याम समिति व बेसहारा गौवंश उपचार केंद्र के सौजन्य से रविवार को पशु अस्पताल गढ़ी केसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मेडिकल कालेज खानपुर की टीम द्वारा आयोजित शिविर में 96 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अंकित मल्होत्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हमें समय-समय पर करते रहना चाहिए। समिति के प्रधान मुकेश रोहिल्ला ने बताया कि यह समिति का 192वां रक्तदान शिविर है।



### सैनी स्कूल रोड के दोनों ओर बने नालों के ऊपर ढक्कन लगवाए

**रोहतक।** वार्ड नंबर 8 की पार्षद अंजू सैनी के सहयोग से नगर निगम द्वारा सैनी स्कूल रोड के दोनों ओर बने नालों के ऊपर ढक्कन लगवाए गए। मौके पर मुआयना करने पहुंची पार्षद अंजू सैनी ने बताया कि सैनी स्कूल रोड शहर का व्यस्त रोड है, जिस पर दो कॉलेज व दो स्कूल स्थित हैं। खुले नाले में गिरकर कई बार छात्र, राहगीर एवं पशु चोटिल हुए हैं। इस कारण यह काम प्राथमिकता के आधार पर करवाया गया है। पार्षद अंजू सैनी ने मौके पर आकर संबंधित अधिकारियों से इस कार्य की रिपोर्ट भी ली। पार्षद ने कहा कि मेरा वार्ड स्वच्छ वार्ड अभियान को दिशा मिली है।

# 36 युवाओं ने किया रक्तदान

- रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

एसआरके स्किल सेंटर गन्नौर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 36 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ पर्यावरण मित्र मनीष ट्री विलेज शहजादपुर द्वारा किया गया।

एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र ने रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, बल्कि यह एक स्वस्थ प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला भी बढ़ाया। पर्यावरण मित्र मनीष ने पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रोहित ने रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



**गन्नौर।** एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र, पर्यावरण मित्र मनीष रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

# समाज के उत्थान में वरिष्ठ नागरिकों का योगदान

- वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की आम सभा में कांग्रेस नेता कमल दिवान रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की आम सभा रविवार को कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान प्रेम रेलन ने की, बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता कमल दिवान ने शिरकत की।

सभा में लगभग 30 वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए महिला प्रधान उषा भंडारी ने कमल दिवान का स्वागत किया। सीताराम भारद्वाज ने कहा कि समाज की सेवा राजनीति में रहकर अच्छे ढंग से की जा सकती है बशर्ते सेवा ईमानदारी से की जाये। ओम प्रकाश मुंजाल ने कमल दिवान के सम्मान में एक स्वागत गीत गाया। विजय मित्तल ने व प्रेम रेलन ने शेरोशायरी से सब का दिल जीत लिया। अंत में कमल दिवान ने सभी वरिष्ठ नागरिकों का आशीर्वाद लिए और कहा कि समाज के उत्थान में वरिष्ठ नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान है और ये विश्वास दिलाया कि समाज के सभी वर्गों के साथ साथ वरिष्ठ नागरिकों की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा साथ देंगें। इस मौके पर रवि कपूर, रमेश अरोड़ा, किशन मिढ़ा, नन्द लाल, प्रेम धामीजा, विजय मित्तल, टेक चंद त्रिवेदी, ओम प्रकाश मुंजाल, नरेंदर झाम्ब, वीर सिंह सैनी, विरमानी आदि मौजूद रहे।


**सोनीपत।** कांग्रेस नेता कमल दिवान का स्वागत करती महिला प्रधान उषा भंडारी व अन्य।

### होटल में बैंक कर्मचारी बनकर आया युवक दो लाख रुपये लेकर फरार

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव भिगान के पास मन्नत हवेली होटल में बैंक कर्मचारी बनकर आया युवक नकदी बदलवाने के बहाने लाखों रुपये की राशि लेकर फरार हो गया। युवक बैग में रखा सामान तक लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। गांव गुमड़ निवासी महेश कुमार ने बताया कि वह भिगान चौक स्थित मन्नत हवेली होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार दोपहर को बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो गाड़ी होटल परिसर में आई। गाड़ी से एक युवक उतरकर सीधा कैश काउंटर पर पहुंचा। उसने वहां मौजूद कैशियर पानीपत के राक्सेड़ा निवासी मोहन से कहा कि वह वह एसबीआई की जीटी रोड मुरथल स्थित शाखा से आया है। उन्हें होटल की तरफ से भेजी गई नकदी बदलने संबंधी मेल को लेकर बात करनी हैं। रविंद्र ने कैश काउंटर पर पहुंचकर युवक से बातचीत की। उसके बाद उन्होंने मालिक अजय छिक्कारा से बात की और अनुमति के बाद दो लाख रुपये नकद बैग में रखकर नीचे कैश काउंटर पर आ गए। बैग में रविंद्र का पर्स भी था।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**राई।** खेवड़ा स्थित जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने कैशलेस अर्थव्यवस्था देश के विकास में बाधक या साधक और सीबीएसई द्वारा आयोजित दो बोर्ड छात्रों के लिए संगत या असंगत विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए । प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन, राधाकृष्णन सदन, टेरेसा सदन और टैगोर सदन के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विषय की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से दी। निर्णायक मंडली ने मानव रोहल को प्रथम, आकाशी रोहल को द्वितीय, और विधि व नव्या को तृतीय स्थान प्रदान किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आधुनिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी वाद-विवाद क्षमता को विकसित करना था। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# स्वस्थ समाज के लिए समस्याओं का निदान आवश्यक

- गांव राठधना स्थित अंबेडकर भवन में कार्यक्रम आयोजित
- बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कांग्रेस नेता कमल दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राठधना स्थित अंबेडकर भवन में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता देवेंद्र राठधानिया ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कमल दिवान ने शिरकत की।

देवेंद्र राठधानिया व अन्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कमल दिवान ने कार्यक्रम में मिले सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से भी मुलाकात की। ग्रामीणों ने कांग्रेसी नेता के सामने अपनी समस्याएं रखी। कमल दिवान ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी जो भी समस्याएं हैं, उन्हें दूर करवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कमल दिवान ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण करने के लिये लोगों की समस्याओं का निदान आवश्यक है। इस दौरान राजेश प्रधान सेवली, मंदीप सेवली, सुमित सेवली, सौरभ सेवली, लीलू प्रधान, पीके बाली सहित अन्य मौजूद रहे।


**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता कमल दिवान का स्वागत करते हुए स्थानीय निवासी। *फोटो : हरिभूमि*

## चाइल्ड केयर स्कूल में रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित

# विद्यार्थियों ने क्ले मॉडलिंग में दिखाई प्रतिभा

- रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास का अहम हिस्सा : गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित हुई। छात्रों ने क्ले मॉडलिंग और कहानी सुनाने में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

तीसरी से पांचवी कक्षा के छात्रों ने रंग-बिरंगी क्ले की सहायता से अपनी कल्पना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके बनाए मॉडल्स में न केवल रचनात्मकता दिखी, बल्कि विषय को समझने की गहराई भी नजर आई। शिक्षकों ने बच्चों को सामग्री लाने में मार्गदर्शन दिया और आयोजन को पूरी तरह व्यवस्थित रूप से संचालित किया। कहानी सुनाने की प्रतियोगिता कक्षा पीपी वन से दूसरी के नन्हे-मुन्ने छात्रों के लिए आयोजित की गई ।

बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ अपनी कहानियाँ प्रस्तुत कीं। प्रेरणादायक कहानियों से बच्चों को आनंदित किया और उन्हें कल्पना की दुनिया में ले गए। निदेशक अजय यादव ने कहा कि हर बच्चा अपने भीतर असीम संभावनाएं रखता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उन्हें मंच देते हैं जहाँ वे स्वयं को अभिव्यक्त करना सीखते हैं। यह आत्मविश्वास ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उप-प्राचार्य अरुण गौतम ने कहा रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के समग्र विकास का अहम हिस्सा हैं।



**गन्नौर।** रचनात्मक प्रतियोगिता में भाग लेते चाइल्ड केयर स्कूल के छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 22 को

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे युवा आधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में लघु सचिवालय, तृतीय तल स्थित कान्फ्रेस हॉल में आयोजित की जाएगी।

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 21st April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714